तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026



11 सामूहिक विवाह में 38 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



12 भाजपा विरोधी कथित फेसबुक टिप्पणी पर विवाद, देवपुर...





## खबर संक्षेप

### किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक 11 को

**नगरी।** किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक 11 मई सोमवार को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भवन गट्टासिल्ली में होगी। बैठक में डोंगरडुला, दुगली, राजपुर, गट्टासिल्ली, घोटगांव, करैहा सहित आसपास के क्षेत्र के किसान शामिल होंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में क्षेत्र के किसानों एवं मजदूरों से जुड़ी समस्याओं, कृषि कार्यों में आ रही परेशानियों, मजदूरी संबंधी मुद्दों, सिंचाई व्यवस्था, खाद-बीज की उपलब्धता, वनाधिकार, राजस्व संबंधी समस्याएं तथा शासन की योजनाओं का लाभ सही तरीके से दिलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### बेलौदी स्कूल के शिक्षक को हटाने की मांग



**धमतरी।** मगरलोड विकासखंड के ग्राम बेलौदी उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षक की शिकायत हुई है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष उमेंदराम साहू, रिपुसुदन साहू, घनश्याम साहू, गिरेश साहू ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंप कर कहा है कि बेलौदी उमावि में अंग्रेजी व्याख्याता के रूप में शिक्षक पदस्थ हैं। वह शाला में हमेशा अनुपस्थित रहता है। स्कूल में समय पर उपस्थित नहीं होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस विषय में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। समिति ने शिक्षक का अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा की ओएमआर शीट सुबह 9.30 से 10 बजे तक भरी जाएगी और प्राक्चयन परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे होगी।

### लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए आवेदन 16 तक

**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए 16 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि आवेदन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद तथा डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### जोरातराई (अं) में रात्रिकालीन कबड्डी 16 को

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में 16 मई को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम इनाम 12001 रूपये, द्वितीय इनाम 8000 रूपये, तृतीय 4000 रूपये एवं चतुर्थ इनाम 2000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 300 रूपये है। इसकी तैयारी में मुकेश कुमार अध्यक्ष, मनीष पाल, शैलेंद्र, श्रवण, भारत, घनश्याम, देव, रमेश, गजाधर पाल एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# सुगम यातायात के लिए हजारों वृक्षों की बलि, दिखाई दे रहे ठूंठ ही ठूंठ

## रत्नाबांधा से मुजगहन, सिहावा चौक से महानदी पुल तक बनेगी फोरलेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इन दिनों रत्नाबांधा से मुजगहन मार्ग में अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है। गौर करने पर सड़क किनारे के बड़े-छोटे सभी वृक्ष नदारद हैं। रास्ते में बरगद, पीपल, आम आदि फलदार और छायादार पेड़ों के ठूंठ ही ठूंठ दिखाई दे रहे हैं। पर्यावरण को संतुलित करने वाले तथा भीषण गर्मी में राहगीरों को कुछ समय के लिए पनाह देने वाले पेड़-पौधों को बलि देने का सिलसिला जारी है।

शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए रत्नाबांधा से मुजगहन और सिहावा चौक से अछोटा पुल तक फोरलेन सड़क निर्माण को शासन से स्वीकृति मिल गई है। फोरलेन सड़क निर्माण के पूर्व सड़क किनारे के हजारों वृक्षों को काटा जा रहा है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक 4.4 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण किया जाना है जिसमें 587 चिन्हित वृक्षों को काटा जा रहा है। इस रास्ते में काटे जा रहे वृक्षों में बरगद, पीपल, नीलगिरी, बेल्टाफाम, करंज आदि है। शुक्रवार को भी वन विभाग के कर्मचारी पेड़ों की कटाई में जुटे रहे।

इधर सिहावा चौक से अछोटा पुल तक 4.4 किमी रोड को फोरलेन बनाया जा रहा है। इस मार्ग में सागौन, पीपल, बरगद, नीम, आम, बेल्टाफाम के 765 वृक्षों को काटने के लिए ▸▸ शेष पेज 10 पर



### 102 करोड़ की परियोजना

पीडब्ल्यूडी के अधिकारी श्री पैकरा ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना में 102 करोड़ रूपये की लागत आएगी जिससे शहर तथा आसपास के क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। जानकारी के अनुसार रत्नाबांधा से मुजगहन तक 4.4 किमी लंबी सड़क 44 करोड़ रूपये में तैयार की जाएगी। वहीं सिहावा रोड से महानदी पुल तक 4.4 किमी फोरलेन सड़क में 58 करोड़ रूपये खर्च होंगे। दोनों मार्ग के पूर्ण होने से शहर का यातायात नेटवर्क मजबूत होगा। सड़क चौड़ीकरण के चलते 1352 पेड़ों की कटाई जा रही है। इसके बदले वन विभाग 10 गुना अधिक पौधे लगाएगा। पौधरोपण के लिए लोक निर्माण विभाग ने 1.84 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की है।

## 17 ग्राम पंचायतों में पंच और 2 में सरपंच के लिए होगा उपचुनाव

# 28 हजार मतदाता चुनेंगे अपना जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले की 2 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 17 ग्राम पंचायतों में पंच के चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। कुल 2 सरपंच और 20 पंच के लिए मतदान होगा। 27 हजार 885 मतदाता मतदान करेंगे। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब मतदान की तैयारी चल रही है। उम्मीद की जा रही है कि जून माह में चुनाव निबटा लिया जाएगा।

सालभर के इंतजार के बाद पंचायत उपचुनाव का बिगुल बज गया है। जानकारी के अनुसार जिले की 19 ग्राम पंचायतों में उपचुनाव होना है। इसमें से 2 ग्राम पंचायत में सरपंच और 17 ग्राम पंचायतों में पंच के लिए मतदान होगा। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। जिसके अनुसार इन पंचायत प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में कुल 27 हजार 885 मतदाता हैं। इसमें से पुरूष 13 हजार 834 और 14 हजार 51 महिला मतदाता हैं जो अपनी-अपनी पंचायत में उपचुनाव में मतदान करेंगे। अब तक मतदान की तारीख की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि जून माह में चुनाव निबटा लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पंचायत उपचुनाव हर छह माह में किया जाता है, लेकिन अधिकारी-कर्मचारी एसआईआर कार्य में व्यस्त थे, जिसके चलते पिछले छमाही में उपचुनाव नहीं हुआ। अब जाकर उपचुनाव की तैयारी चल रही है।




### खाली रह जाएगा एक सरपंच का पद

आरक्षण के अड़ंगा के चलते मगरलोड ब्लाक के मोतिमपुर में सरपंच पद आम निर्वाचन से ही खाली पड़ा है। यहां सरपंच का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। जबकि गांव में इस वर्ग की एकमात्र 80 वर्षीय महिला ही निवास करती है और वह चुनाव लड़ने में रूचि नहीं ले रही है। ऐसे में यहां उपचुनाव में भी आरक्षित वर्ग से उम्मीदवार मिलने की संभावना नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले पंचवर्षीय में सिलघट में इसी प्रकार की समस्या के चलते पूरे पांच साल तक सरपंच पद रिक्त रहा। उपसरपंच ने पांच साल तक सरपंच का कार्यभार सम्हाला था।

### नगरी में 6, कुरूद में 8, धमतरी में 3 और मगरलोड की दो पंचायत में मतदान

धमतरी ब्लॉक के लीलर ग्राम पंचायत में सरपंच, बिरेतरा में पंच, कुरूद ब्लाक के कुहकुहा, सिवनीकला, जीजामगांव, चर्रा, सेमरा बी, तर्रागोंदी में पंच के लिए, मगरलोड के मोतिमपुर में पंच और सरपंच के लिए और खड़मा में पंच के लिए, नगरी के बिरनासिल्ली, सिरसिदा, घोटगांव, बनबगौद, कट्टीगांव और करैहा में पंच के लिए मतदान होगा। उल्लेखनीय है कि मोंगरागहन पंचायत में भी सरपंच के निधन के बाद पद रिक्त पड़ा हुआ है। आगामी छमाही में होने वाले उपचुनाव में इस ग्राम पंचायत को शामिल किया जाएगा।

# भखारा हत्याकांड : फरार आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग भी शामिल

- भखारा पुलिस ने हत्या के सभी आरोपियों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महावीर चौक भखारा में हुई बुजुर्ग की हत्या के मामले को पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना भखारा पुलिस को निर्देशित किया था। निर्देश मिलते ही भखारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था, वहीं मामले में फरार अन्य आरोपी को भी आज गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में थाना भखारा थाना में धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

प्रार्थी संतोष निर्मलकर निवासी भखारा ने बताया कि 6 मई की रात्रि महावीर चौक भखारा में पुराने लेन-देन एवं एक्सीडेंट की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें आरोपीगण द्वारा मारपीट की गई। एक विधि से संघर्षरत बालक ने धारदार चाकू से अन्नू निर्मलकर के गले पर वार कर दिया। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल धमतरी लाया गया था। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



घटना की सूचना पर थाना भखारा पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए एवं आरोपी चिरंजीवी दीवान उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया। वहीं फरार आरोपी राहुल कंवर उर्फ राहुल बटन उर्फ सरकार पिता हेमसिंग कंवर उम्र 20 वर्ष निवासी भखारा को शुक्रवार को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। घटना में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं बेहतर पुलिसिंग पर दिया जोर



- सुशासन तिहार को लेकर एसपी ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुशासन तिहार में बेहतर पुलिसिंग, जनसंपर्क एवं जनसमस्याओं के लिए पुलिस स्टाल लगाकर त्वरित निराकरण करने एसपी ने निर्देशित किया है।

छग शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के प्रभावी एवं सफल संचालन को लेकर एसपी सूरजसिंह परिहार द्वारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एएसपी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा राजपत्रित अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष पुलिस स्टाल स्थापित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों एवं समस्याओं का संवेदनशीलता, गंभीरता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। बैठक में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने संवेदनशील क्षेत्र में विशेष निगरानी, जनसंपर्क बढ़ाने एवं थाना चौकी स्तर पर प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग की जिम्मेदारी केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि आमजनों में सुरक्षा, विश्वास एवं सकारात्मक वातावरण कायम रखना भी है। उन्होंने अधिकारियों को सुशासन तिहार के दौरान संवेदनशील, जवाबदेही एवं जनहितैषी कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए।

बैठक में एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी, कुरूद, नगरी, एसडीओपी नगरी, डीएसपी सहित जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी मौजूद रहे।







## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत आज

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार शहर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दांवा के प्रकरण, धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, राजस्व प्रकरण, श्रम विवाद एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ बैंक, बीएसएनएल, विद्युत, जलकर, सम्पत्ति कर से संबंधित राशि वसूली के विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए न्यायाधीशगण की 12 खण्डपीठ, परिवार न्यायालय की एक खण्डपीठ सहित 13 खण्डपीठों तथा बस्तर जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

### अधिकारी का नेतृत्व प.बंगाल में मील का पत्थर साबित होगा

जगदलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुने जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अधिकारी का नेतृत्व पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जन-आकांक्षाओं को स्वर देने में मील का पत्थर साबित होगा। उनके कुशल मार्गदर्शन में बंगाल भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अखण्ड भारत के स्वप्नद्रष्टा अमर बलिदानी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपनों के 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को सिद्ध करने के लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। देव ने कामना की कि भाजपा शासनकाल बंगाल में भयमुक्त वातावरण का सृजन करके राज्य को नवनिर्माण की ओर अग्रसर करेगा। बंगाल की जनता जिस सुशासन और सर्वतोमुखी विकास की प्रतीक्षा कर रही है, उसे धरातल पर उतारने में अधिकारी के नेतृत्व में गठित होने वाली प्रदेश सरकार की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण रहेगी। बंगाल की अस्मिता, संस्कृति और एकात्म राष्ट्रवाद की रक्षा करते हुए एक ऐसे बंगाल का उदय होगा जो विकास के हर मानक पर देश का नेतृत्व करेगा। श्री देव ने कहा कि श्री अधिकारी का लंबा राजनैतिक अनुभव और बंगाल की माटी से उनका जुड़ाव राज्य में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। छत्तीसगढ़ भाजपा परिवार उनके सफल कार्यकाल और बंगाल के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

# जिले में 150 करोड़ के कंप्रेस्ड बायो गैस संयंत्र स्थापना पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में औद्योगिक विकास एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं ऑयल इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में धमतरी जिले में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से कंप्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावित संयंत्र से जिले में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक में ऑयल ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतनु कुमार सैकिया, महाप्रबंधक राजीव कुमार तमुली तथा ऑयल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सलाहकार सुदीश कुमार सिंह उपस्थित थे। अधिकारियों ने जिले में उपलब्ध कृषि संसाधनों, जैविक कच्चे माल, परिवहन सुविधाओं एवं निवेश संभावनाओं का विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निवेशकों को जिले में उद्योग स्थापना हेतु उपलब्ध भूमि, अधोसंरचना, परिवहन नेटवर्क तथा प्रशासन की ओर से प्रदान किए जाने वाले आवश्यक सहयोग की जानकारी दी। धमतरी जिला कृषि आधारित उद्योगों एवं हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण रखता है तथा प्रशासन निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हरित ऊर्जा, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन की दिशा में बड़ा कदम



### तकनीकी प्रक्रियाओं एवं भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा

बैठक में खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। राइस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा जिले में उपलब्ध धान अवशेष एवं कृषि आधारित संसाधनों की जानकारी साझा की गई, जो सीबीजी संयंत्र के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैठक के दौरान परियोजना के सफल क्रियान्वयन, आवश्यक समन्वय, तकनीकी प्रक्रियाओं एवं भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। सभी पक्षों ने धमतरी जिले को स्वच्छ ऊर्जा, सतत औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने सकारात्मक सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि कंप्रेस्ड बायो गैस परियोजनाएं कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्राप्त होगी।

## पंचायतों का नया नियम : पेंशन लेते हो तो काम नहीं मिलेगा

# कुरुद ब्लॉक में मनरेगा का 'खेला': पंचायतों के मौखिक फरमान से बुजुर्गों का रोजगार बंद

यशवंत गंजीर ▶▶कुरूद

एक तरफ कुरुद ब्लॉक में मनरेगा के जरिए विकास कार्यों की बाढ़ आई हुई है, हजारों मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिल रहा है और पंचायतों में तालाब से लेकर आवास तक के काम जोर-शोर से चल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पंचायतों की कथित मनमानी ने गरीब बुजुर्ग मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया है। आरोप है कि कई पंचायतों में 60 वर्ष से अधिक आयु के जॉब कार्डधारी ग्रामीणों को सिर्फ इसलिए काम से बाहर किया जा रहा है क्योंकि वे सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार कुरुद जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरातराई (सी), इर्रा, कोर्रा, नवागांव, राखी, अटंग, कुर्रा और तर्रागोंदी समेत कई पंचायतों में बुजुर्ग मजदूरों को काम देने से इंकार किए जाने की शिकायत सामने आई है।



### बुजुर्ग पेंशनधारियों को काम से वंचित करना गलत

मनरेगा में काम करने के लिए कोई अधिकतम उम्र सीमा नहीं है। यदि कोई पंचायत खुद से नियम बनाकर बुजुर्ग पेंशनधारियों को काम से वंचित कर रही है, तो वह गलत है।अकुशल श्रम करने में सक्षम जरूरतमंद बुजुर्गों को हल्का काम देकर रोजगार उपलब्ध कराना पंचायतों की जिम्मेदारी है।

- **कुंती देवांगन**, *एपीओ मनरेगा कुरुद*




ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधि और रोजगार सहायक मौखिक रूप से कह रहे हैं कि जो लोग पेंशन पा रहे हैं, उन्हें मनरेगा में काम नहीं मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि 500-1000 रुपये की पेंशन से घर चलाना मुश्किल है, ऐसे में मनरेगा ही उनका सहारा है। गरीबी और उम्र दोनों की मार झेल रहे बुजुर्गों से रोजगार छीनना आखिर किस नियम में लिखा है?

### मनरेगा में उम्र की अधिकतम सीमा ही नहीं

मनरेगा नियमों के अनुसार 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी ग्रामीण अकुशल श्रम करने के लिए पात्र है। योजना में अधिकतम आयु सीमा का कोई प्रावधान नहीं है। 60 से 80 वर्ष तक के बुजुर्गों को भी हल्के कार्य, निगरानी या पानी पिलाने जैसे काम देकर रोजगार देने का प्रावधान है और उन्हें पूरी मजदूरी देने का अधिकार भी है। इसके बावजूद पंचायत स्तर पर बुजुर्गों को काम से वंचित करना अब नियमों की खुली अनदेखी माना जा रहा है। जब सरकार गांव-गांव रोजगार पहुंचाने का दावा कर रही है, तब आखिर पंचायत स्तर पर बुजुर्गों के साथ यह भेदभाव क्यों हो रहा है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की नजर अब इन पंचायतों पर जाएगी या फिर गरीब बुजुर्ग अपनी उम्र और पेंशन की सजा भुगतते रहेंगे? सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या पंचायतों को सरकारी कानून से ऊपर अपना अलग नियम बनाने का अधिकार कहां से मिल गया है?

## भखारा में नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 7 में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन पार्षद झमन लाल साहू ने किया। मौके पर तेजा यादव, भुनेश्वर यादव, करण साहू, शिवप्रसाद साहू समेत अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार में समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन मांगलिक भवन में हुआ जिसमें नगर पंचायत से लेकर जिले के सभी विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे। इसे लेकर नगरवासियों में एक तरफ खुशी तो दूसरी ओर नाराजगी नजर आई। उनका कहना है कि फार्म सिर्फ गिनती या जनसंख्या के लिए ही किया जा रहा है, हर छोटी समस्याओं का समाधान बोलकर आम जनता को भ्रमित किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर सबसे बड़ा मुद्दा भूमिहीन और आवास पट्टा का था जिसका कोई भी निष्कर्ष नेताओं, अधिकारियों के पास नहीं है। यहां जनप्रतिनिधि सिर्फ सोशल मीडिया में फोटो डालकर आगामी समय की तैयारी कर रहे हैं, पर निचला स्तर पूरा शून्य है ।



पार्षद भूपेंद्र यादव ने बताया कि आम जनता की हर उस समस्या का हल किया जाएगा जो हमारे स्तर पर है। समय जरूर लगेगा पर हम हर समस्याओं का समाधान निकालकर रहेंगे। आमजन की सेवा ही हमारी पहली प्राथमिकता है।

### गैलेक्सी स्कूल के परीक्षा परिणाम से खुशी की लहर

# 12वीं में फनिषा, 10वीं में हर्षलता अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी नारी स्कूल का सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम आते ही खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों के शानदार प्रदर्शन ने स्कूल का नाम रोशन कर दिया। कक्षा 12वीं में फनिषा साहू ने 92.20 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। कुमकुम देवांगन 79.80 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और दामिनी साहू 78.80 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रही। कक्षा 10वीं में टॉपर्स का दबदबा रहा। हर्षलता साहू ने 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कविता साहू 92.33 प्रतिशत द्वितीय, तमन्ना साहू ने 91.33 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रही। निकिता साहू 91 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान एवं टोमेश साहू 90.83 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में पंचम स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं में गुपेश्वरी साहू ने 93 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम जबकि गरिमा सोनकर 89.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं मोंगरा साहू 88.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 9वीं में अहेश कुमार 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, मीनाक्षी पाल 93 प्रतिशत अंक द्वितीय और तुलसी साहू 92.5 प्रतिशत अंक साथ तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के संचालक राजेन्द्र कुमार एवं प्राचार्य हेमचंद साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षक-शिक्षिकाएं दिलीप कुमार साहू, अनिल कुमार साहू, घनश्याम साहू, चैतन्य साहू, पारसमणि पाल, नानक राम साहू, महेश कुमार गड़ेवाल, एसकुमार साहू, ताम्रजध्वज साहू, जावेंद्र कुमार यादव, केंवरा साहू, शशिबाला साहू, हेमलता साहू, रेखा निषाद, मीनाक्षी साहू, खेमलता साहू, ममता साहू, रेणुका साहू, भृत्य अमोली यादव एवं आया गीता

## भैंसमुंडी में 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**मगरलोड।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय भैंसमुंडी अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्साहजनक रहा । कक्षा दसवीं में 79 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा। दसवीं अंग्रेजी माध्यम में वामन साहू 95.67 प्रतिशत प्रथम, लवली पटेल 93.17 प्रतिशत द्वितीय, गिरिराज साहू ने 86.17 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी माध्यम में दुर्गा साहू 78.3प्रतिशत प्रथम, वेदिका ध्रुव 76. 83 प्रतिशत द्वितीय व लीलिमा साहू 71.67 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं में 74 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा परिणाम 83.5 07 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम में प्रशांत सोनी 783 प्रतिशत व विद्या निर्माण 83 प्रतिशत प्रथम, कविता ध्रुव 77 प्रतिशत द्वितीय वहीं हिंदी माध्यम कक्षा 12वीं में लवीना टंडन 86.4 प्रतिशत प्रथम, रूपाली कंवर 79.6 प्रतिशत द्वितीय, उर्वशी ध्रुव 79.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के घर पहुंच कर प्राचार्य दयाराम साहू, वरिष्ठ व्याख्याता हरिराम साहू, श्रीमती श्रुति कन्नौजे, पोषण निषाद, शिक्षक राकेश साहू, राजू जांगड़े ने सम्मानित किया।

## शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के विद्यार्थियों को शील्ड, कलम एवं श्रीफल भेंट किया गया

# ग्राम पंचायत मुरा के मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम पंचायत मुरा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में कक्षा 10वीं, 12वीं तथा महाविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड, कलम एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं में प्रथम साधना नागर्ची पिता मुकेश, द्वितीय दुर्गा साहू पिता तिलकराम, तृतीय खुशी साहू पिता सुरेश साहू। कक्षा 12वीं में प्रथम गोपेश्वरी साहू पिता भोज साहू, द्वितीय भीलेश्वरी ढीमर पिता पुष्करर, तृतीय एकता साहू रहे। सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं में प्रथम श्रद्धा साहू पिता टुमन साहू, द्वितीय विवेक साहू पिता भोज, तृतीय सुमन सार्वा पिता टुमन रहे। कक्षा 12वीं में प्रथम लक्ष्मी पिता जामवंत, द्वितीय डुमेश पिता राजेश, तृतीय धर्मेंद्र पिता बसंत साहू रहे। महाविद्यालय स्तर पर ऋचा पिता भोज साहू, सुमन पिता दुलारूराम साहू रहे।



गौरतलब है कि सत्र 2025-26 में दरबा हाईस्कूल की 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में ग्राम मुरा के विद्यार्थियों का दबदबा रहा। स्कूल स्थापना से ही मुरा के विद्यार्थी लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते आ रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहूकार साहू, नाथूराम साहू, कमलेश साहू, प्रहलाद साहू, जोहतराम, प्रभुराम साहू, प्रदीप साहू, रामकुमार साहू थे। अध्यक्षता गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रकुमार साहू ने की। साथ ही पंचायत पदाधिकारी उपसरपंच भुनेश्वर साहू, पंच सुमेर, बसंत, दुलारू, धनेश्वरी, कुंती, माहेश्वरी, सरोजनी, उषा, राजकुमारी, कुंती साहू, सुनीता साहू समेत बिहान समूह की दीदी दुर्गा सेन, गुंजा, केशरी, सरोज, कीर्ति, किरण, बिमला, प्रमिला, बेदिन बाई मौजूद रहे।

### पंचायत का यह कदम छात्रों को प्रोत्साहित करेगा



सरपंच राकेश साहू ने कहा कि गांव के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए यह पहला ऐतिहासिक आयोजन है। इसे हर साल किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर रूपेंद्र कुमार एवं भृत्य ओमप्रकाश साहू का विशेष सहयोग रहा। सम्मान पाकर विद्यार्थियों ने कहा कि यह सम्मान हमारे भविष्य के लिए प्रेरणादायक है। पंचायत का यह कदम हमें और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। सरपंच राकेश कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया।

## अंचल की खबरें

### बिरेझर में चावल महोत्सव मनाया गया



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत बिरेझर में चावल महोत्सव मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर सरपंच नेहा गुपेंद्र साहू, सेल्समेन दुष्यंत साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ न्योता भोज का आयोजन



**डांडेसरा(धमतरी)।** आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में नमन साहू के जन्मदिन पर पिता भोजलाल साहू एवं मां दुर्गा साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूड़ी परोसी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, सहायिका दीक्षा सोनवानी, संध्या साहू, मोनिका साहू, अमरीका यादव, भामा साहू आदि उपस्थित थीं।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई



**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम अमलीडीह के शासकीय स्कूल परिसर में कक्षा पांचवी एवं आठवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक यशवंत कुमार साहू एवं श्रीमती सविता पांडे को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। दोनों शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के प्राचार्य केके साहू, जनभागीदारी समिति प्राथमिक शाला के अध्यक्ष टेकराम साहू, गुनेश्वर साहू, टाटेश्वर साहू, नेमिन साहू सरपंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान नेमिन साहू ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बच्चों को कई वर्षों तक शिक्षा और संस्कार देने का कार्य किया है। शिक्षकों को पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

■ अमलीडीह स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

### खरेंगा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट







**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। नवमी में प्रथम चंद्रकांत साहू 95.16 प्रतिशत, द्वितीय टुमेश्वरी साहू 87 प्रतिशत, तृतीय तान्या सोनकर 86.6 प्रतिशत रहे। कक्षा दसवीं में प्रथम टकेश्वर निषाद 96.16 प्रतिशत, द्वितीय रश्मि सोनकर 88.33 प्रतिशत, तृतीय भेष कुमार सोनकर 86.5 प्रतिशत रहे। कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम गायत्री सिन्हा 81.6 प्रतिशत, द्वितीय भारती साहू 75.4 प्रतिशत, तृतीय संध्या 74.2 प्रतिशत रही। कक्षा बारहवीं में प्रथम थनेश्वर चक्रधारी 86.8 प्रतिशत, द्वितीय किरण निषाद 84.6 प्रतिशत, तृतीय लेनिसा साहू 88 प्रतिशत रहे। प्राचार्य नंदकिशोर साहू, सुभाष साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति खरेंगा, श्रीमती नीलम साहू सरपंच ने छात्र-छात्राओं को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर परीक्षा प्रभारी श्रीमती ए वैद्य, पीएल सिन्हा, शेष नारायण गजेंद्र, वीरेंद्र कुमार यादव, मुकेश कुमार सोनकर, श्रीमती नलिनी राजगढ़िया, श्रीमती नीतू शर्मा, एम शर्मा, एल साहू, अंशिता पचौरी, मनोज साहू, दीपक निषाद, उमेश वीके, पीएन योगी, मिथलेश कुमार रत्नाकर, कैलाश कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### यातायात सुगम बनाने हजारों वृक्षों की चढ़ी बलि

चिन्हित किया गया है। इस मार्ग में भी फलदार, छायादार वृक्षों की कटाई शुरू हो गई है। वन विभाग का कहना है कि जितने वृक्षों को काटा जा रहा है, उससे 10 गुना वृक्ष लगाए जाएंगे। निर्माणाधीन सड़क के किनारे जगह नहीं होने पर वन क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### नारी वंदन बिल : भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने दिव्यांग गायत्री से की चर्चा

**धमतरी**। देश के लोकतांत्रिक एवं संसदीय इतिहास में नारी वंदन बिल यदि पास हो जाता है तो एक नई क्रांति का सूत्रपात होगा। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंडित राजेश शर्मा ने 43 वर्ष की दिव्यांग गायत्री साहू से इस बिल के संबंध में चर्चा की तो एक मर्मस्पर्शी, संवेदनशील सद्भावना पूर्ण वातावरण का निर्माण हो गया। जन्म से दोनों पैर से चलने फिरने में असमर्थ गायत्री ने कहा कि समाज में महिलाओं को भागीदारी दिया जाना आवश्यक है विशेषकर जो निचले स्तर पर जीवनयापन करते हैं और मेरे जैसे शारीरिक रूप से विकलांग भी हैं। इस दौरान श्री शर्मा ने उन्हें यथासंभव मदद भी की। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने का कार्य करते हैं।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का करेंगे सम्मान

**कांकेर**। जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ द्वारा 10 मई रविवार को जिला साहू सदन कांकेर में युवा प्रकोष्ठ कार्यशाला के उपरांत प्रतिभावान युवा साथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना एवं युवाओं को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजन को लेकर युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों में उत्साह का माहौल है।

### पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने की अपील की है। प्रवेश पंजीकरण 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई तय की गई है। पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासरत है।

# बच्चों के गुल्लकों में जमा हुए सिक्के, बाजार में चिल्हर की कमी

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने बैंक से छोटे नोट बांटने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चिल्हर के नाम पर बांटे गए सिक्के गुल्लकों में जमा हो गए, अब बाजार में एक बार फिर चिल्हर की गंभीर समस्या पैदा हो गई है, जिसके चलते व्यापार प्रभावित हो रहा है।

ग्राहकों के साथ झिकझिक की समस्या बनी हुई है। ई-रिक्शा, आटोरिक्शा में परेशानी तो और भी ज्यादा है। स्थिति को देखते हुए चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने चिल्हर वाले नोट बांटने के लिए बैंक को पत्र लिखा है।

### ऑनलाइन पेमेंट बना समस्या का समाधान

चिल्हर की किल्लत के बीच ऑनलाइन पेमेंट आप्शन काफी कारगर साबित हो रहा है। दुकानों में ग्राहक थोक पेमेंट कैश कर देते हैं, चिल्हर नहीं होने की स्थिति में ऑनलाइन चिल्हर का भुगतान करते हैं। इससे चिल्हर समस्या से थोड़ी राहत तो मिली है, लेकिन यह समस्या बरकरार है। कई ग्राहक ऑनलाइन पेमेंट आप्शन नहीं रखते हैं, ऐसे में चिल्हर की किल्लत बड़ी समस्या बन जाती है।




### ई-रिक्शा, आटो रिक्शा में समस्या

चिल्हर की समस्या केवल दुकानों या व्यापारियों तक सीमित नहीं है। आटोरिक्शा, ई- रिक्शा में यह समस्या और भी गहरी है। यात्री इन वाहनों में सफर तो कर लेते हैं। उतरने के बाद बड़े नोट थमाते हैं, चिल्हर नहीं होने की स्थिति में काफी देर तक उन्हें वाहन रोककर खड़े रहना पड़ता है। वाहन चालक अशोक मरकाम, अज्जू साहू ने बताया कि ज्यादातर छोटे वाहन चालक ऑनलाइन पेमेंट एप नहीं चलाते हैं। ऐसे में उन्हें काफी परेशानी होती है।

जिले में चिल्हर संकट लगातार गहराता जा रहा है। रिजर्व बैंक ने चिल्हर के नाम पर 5,10 और 20 रुपए के सिक्के जारी किए थे। ये सिक्के जेब का वजन बढ़ाते हैं, इस कारण अधिकांश ग्राहक चिल्हर घर तो ले जाते हैं, लेकिन इसे लेकर नहीं घूमते और बच्चों के गुल्लक में डाल देते हैं।

लोगों की इस आदत के कारण बच्चों का गुल्लक तो भर रहा है, लेकिन बाजार में एक बार फिर चिल्हर का गंभीर संकट पैदा हो गया है।

छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को रोज चिल्लर की किल्लत झेलनी पड़ रही है। रिटेल दुकानों में तो ग्राहकों को चिल्हर की जगह चाकलेट थमाया जा रहा है। इससे ग्राहक संतुष्ट नहीं हो रहे हैं।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक : सांसद भोजराज

# सामूहिक विवाह में 38 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

- कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा में हुआ आयोजन

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम से गरीब परिवारों का आर्थिक बोझ कम हुआ : अरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

महिला एवं बाल विकास विभाग नगरी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत इस वर्ष 38 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। 8 मई को प्रातः 10 बजे से कर्णेश्वर महादेव मंदिर, देऊरपारा में आयोजित इस कार्यक्रम में विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ वर-वधुओं का विवाह कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग थे। अध्यक्षता सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने की। अन्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, भाजपा जिला





उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम सहित मोहन पुजारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, रामगोपाल साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप, भनेन्द्र ठाकुर, नगीना सोम उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि सांसद श्री नाग ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे जनता से संवाद कर रहा है, जिससे लोगों की समस्याओं और योजनाओं की वास्तविक स्थिति का पता चल रहा है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को संबोधित करते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन आपसी विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी का संबंध है। पति-पत्नी को परिवार, समाज और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक सुख-शांति को नष्ट कर देता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सार्वा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। विवाह जैसे सामाजिक और पारिवारिक आयोजन में अत्यधिक खर्च होता है, जिससे कमजोर वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम इस बोझ को कम करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज 38 परिवारों की बेटियों का विवाह एक साथ सम्पन्न होना सामाजिक सहयोग और शासन की संवेदनशीलता का प्रमाण है। जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने नवविवाहित वर-वधुओं को शुभाशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

# पीएमश्री स्कूल में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ी, 9 तक कर सकेंगे आवेदन



- सीटों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से 12 मई को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पीएमश्री शासकीय उच्च माध्यमिक उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी संशोधित सूचना के अनुसार अब छात्र-छात्राएं 9 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और सीटों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। 12 मई को सुबह 8 बजे से लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी, जिसमें चयनित विद्यार्थियों का नाम निर्धारित नियमों के अनुसार तय किया जाएगा।

इसके बाद चयनित विद्यार्थियों की आवश्यक कागजी कार्रवाई 14 मई से 20 मई तक पूर्ण की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रवेश की प्रक्रिया बिना किसी सिफारिश, दबाव या विशेष नियम के पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया केवल वेबसाइट माध्यम से ही की जाएगी। अभिभावकों से अपील की गई है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर दिशा देने का प्रयास करें। पीएम श्री योजना के तहत संचालित यह विद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्तर की आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, अनुभवी शिक्षक और सर्वांगीण विकास का विशेष अवसर प्रदान कर रहा है।

# नेशनल लोक अदालत आज, कई प्रकरण निबटेंगे

- वर्चुअली एवं फिजीकली दोनों ही माध्यम से आयोजित होगी लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य के सभी न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, ट्रिब्यूनल्स, कामर्शियल कोर्ट, वक्फ बोर्ड में 9 मई को वर्ष की द्वितीय हाईब्रिड (वर्चुअली एवं फिजीकली) नेशनल लोक अदालत लगेगी। लोक अदालत से न्यायालय में लंबित सिविलवाद राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, मोटरयान अधिनियम अंतर्गत आने वाले मामले, दावा दुर्घटना, श्रम न्यायालय में लंबित मामले, चेक बाउंस मामले, धन वसूली वाद के अतिरिक्त बीमा संस्था, बैंक, विद्युत सेवा, दूरसंचार सेवा से संबंधित मामलों का निराकरण किया जायेगा।

### लोक अदालत के लिए खंडपीठ का गठन

रामकुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन पर हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद एवं नगरी के लिए खंडपीठ बनाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तथा जिला एवं तालुका में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों तथा अधिवक्ता संघ के साथ बैठक भी रखी गई है। इस लोक अदालत में खंडपीठ क्रमांक 01 में रामकुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 02 में राधिका सैनी न्यायाधीश परिवार न्यायालय धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 03 में मोहन सिंह कोर्राम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 04 में राधेश्याम ध्रुव जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुरूद, खंडपीठ क्रमांक 05 में श्रीमती तनुश्री गवेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 06 में विनय कुमार साहू तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 07 में रजत कुमार निराला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, खंडपीठ क्रमांक 08 में निलेश कुमार बघेल व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कुरूद, खंडपीठ क्रमांक 09 में सुश्री दीपा सुचिता तिर्की, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी है। प्रत्येक खंडपीठ के लिए दो सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु 25 खंडपीठ बनाए गए

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु 25 खंडपीठ बनाया गया है, जिसमें न्यायालय कलेक्टर धमतरी, न्यायालय अपर कलेक्टर धमतरी, न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी, न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद, न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी, न्यायालय भाड़ा नियंत्रण जिला धमतरी, न्यायालय नजूल अधिकारी धमतरी, न्यायालय तहसीलदार धमतरी, न्यायालय तहसीलदार कुरूद, न्यायालय तहसीलदार नगरी, न्यायालय तहसीलदार मगरलोड, न्यायालय तहसीलदार भखारा, न्यायालय तहसीलदार कुकरेल, न्यायालय तहसीलदार नजूल जांच धमतरी, न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी, न्यायालय नायब तहसीलदार ग्रामीण-1 धमतरी, न्यायालय नायब तहसीलदार ग्रामीण-2 धमतरी, न्यायालय नायब तहसीलदार ग्रामीण-3 धमतरी, न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद-1, न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद- 2, न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा, न्यायालय नायब तहसीलदार मगरलोड, न्यायालय नायब तहसीलदार बेलरगांव, न्यायालय नायब तहसीलदार करेलीबड़ी एवं न्यायालय नायब तहसीलदार सिर्री है।

### कोचिंग क्लास में छात्रों को मिल रहे करियर टिप्स

**धमतरी**। रविवार को तहसील साहू समाज धमतरी शहर की बैठक साहू छात्रावास बांसपारा धमतरी में हुई एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि इस कोचिंग क्लास में सभी समाज के विद्यार्थी जो नवमी से 12वीं तक अध्यनरत हैं, शामिल हो सकते हैं तथा जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं वे भी शामिल हो सकते हैं। प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक क्लास चलती है जिसमें अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ जानकारी प्रदान करते हैं। यह कोचिंग क्लास सभी समाज के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क है। कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ गणेशप्रसाद साहू द्वारा नौ पुस्तकें लाइब्रेरी में रखने भेंट की। मौके पर जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेशराम साहू, महासचिव विजय साहू, उपाध्यक्ष लीलाराम साहू, कोषाध्यक्ष संतराम साहू, सचिव कमलेशकांत साहू, सीमंत साहू, अमृतलाल साहू, मदन साहू साहू तथा वार्ड एवं परिक्षेत्र अध्यक्षगण व तहसील पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# बरडिया एग्रो महिंद्रा ट्रैक्टर डीलरशिप का शुभारंभ, 5 किसानों ने खरीदा नया ट्रैक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में बरडिया एग्रो द्वारा महिंद्रा ट्रैक्टर की नई डीलरशिप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महिंद्रा ट्रैक्टर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें जोनल हेड रमेश राठौर, स्टेट हेड दिलीप सिंह, एरिया मैनेजर रामाकांत, लीड सीसीएम रावेंद्र तिवारी, जोनल चैलन मैनेजर नीरज अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर सचिन होटकर एवं टेरेट्री मैनेजर सचिन हुडकर शामिल रहे।

डीलरशिप संचालक योगेश जैन, अल्पेश जैन एवं नितेश जैन ने अतिथियों, किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि बरडिया एग्रो का उद्देश्य धमतरी एवं आसपास के किसानों को महिंद्रा ट्रैक्टर की उत्कृष्ट गुणवत्ता, आधुनिक तकनीक एवं बेहतर सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

समारोह के दौरान 5 किसानों ने नए महिंद्रा ट्रैक्टरों की डिलीवरी प्राप्त कर अपने कृषि कार्यों के लिए नई शुरुआत की है। ये किसान यश कुमार साहू ग्राम बोड़रा, धनंजय साहू ग्राम खरतुली, टेमन लाल निषाद तर्रागोंदी, घनश्याम प्रसाद ग्राम उसलापुर हैं। मौके पर प्रगतिशील किसान आशीष साहू ग्राम कोर्रा, कृपाराम साहू ग्राम हंचलपुर, नीलमणि साहू ग्राम गातापार, ओमप्रकाश साहू ग्राम मुजगहन, देव साहू खरतुली, कृष्णा निषाद ग्राम कोसमर्रा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर किसानों ने महिंद्रा ट्रैक्टर की विश्वसनीयता एवं बरडिया एग्रो की सेवाओं पर विश्वास व्यक्त किया।

अधिकारियों ने बरडिया एग्रो टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह नई डीलरशिप क्षेत्र के किसानों के लिए आधुनिक कृषि समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बरडिया एग्रो धमतरी द्वारा आकर्षक उद्घाटन ऑफर्स एवं बेहतर सर्विस सुविधाओं की घोषणा भी की गई, जिससे किसानों में विशेष उत्साह देखा गया।

# सेवा का पर्याय है रेडक्रॉस सोसाइटी : राजेश शर्मा



- कैंसर जांच के विशेष शिविर में शामिल हुए समाजसेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर शासकीय अस्पताल के ओपीडी कक्ष में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शहर के रक्तदान करने वाले प्रमुख व्यक्तियों और स्वास्थ्य क्षेत्र में विशेष सेवा देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी पं राजेश शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है और सामाजिक सरोकार के महत्वपूर्ण विषयों में इसकी भूमिका अत्यंत विशिष्ट है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस दिवस का उद्देश्य केवल सम्मान देना नहीं, बल्कि गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा में अपने जीवन को समर्पित करना और समाज से प्राप्त पहचान के साथ न्याय करना है। समारोह में शामिल लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं और रक्तदान जैसी गतिविधियों के माध्यम से समाज की भलाई में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संदेश यह था कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि समाज की प्रगति और मानवता के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर प्रधान दंपति ने लिया अंगदान का संकल्प



**धमतरी**। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिले में मानवता और सेवा की मिसाल देखने को मिली। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमेन शिवा प्रधान एवं आजीवन सदस्य रितु प्रधान दंपति ने अंगदान करने का संकल्प लेकर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मृत्यु के बाद मानव शरीर भले ही राख में बदल जाता है, लेकिन अंगदान के माध्यम से शरीर के कई अंग जरूरतमंद लोगों को नया जीवन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमारे शरीर का कोई हिस्सा किसी की जिंदगी बचाने या उसे बेहतर जीवन देने में काम आए, तो इससे बड़ा मानव सेवा का कार्य कोई नहीं हो सकता। दंपति ने यह भी बताया कि मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र इन अंगों के माध्यम से प्रैक्टिकल एवं अध्ययन कर बेहतर डॉक्टर बन सकते हैं। वर्तमान में देश में डॉक्टरों की कमी एक बड़ी चुनौती है, ऐसे में अंगदान भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और समय पर उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

राज्यस्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, पेंटिंग, अंगदान जागरूकता, सड़क सुरक्षा अभियान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शिवा प्रधान ने अपना 40वां रक्तदान किया। वहीं रेडक्रॉस सदस्य होमेश्वर प्रसाद चंद्राकर ने चौथा रक्तदान तथा यश्वनी पटेल ने पहली बार रक्तदान किया।

# किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के फायदे बताए

**नगरी**। कृषि में नवाचार और किसानों को जागरूप करने के लिए कृषि विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम दिवस ग्राम पंचायत दरगहन और पथर्रीडीही में किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, नील हरित काई एवं हरि खाद उपयोग, उन्नत तकनीकों से खेती करने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर खाद उपयोग, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग, बीज उपचार का जीवंत प्रदर्शन कराया गया गया।

ग्राम दरगहन में लक्ष्मी धुव सरपंच, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लालेश साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजेश्वर केकती, उद्यान विस्तार अधिकारी चंद्र प्रकाश साहू, सचिव रेवत साहू एवं पथर्रीडीही में सरपंच दुर्गेश चंद्रवंशी पंच, ग्राम पटेल, रामनाथ साहू मत्स्य विभाग, अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनोज सागर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खिलावन दास साहू उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### नोटिस की अलग-अलग प्रतियों को लेकर भी उठे सवाल, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग की

# फेसबुक पर भाजपा विरोधी कथित टिप्पणी से विवाद, देवपुर सचिव से मांगा गया स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

विकासखंड नगरी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवपुर में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव दिगम्बर कंवर की फेसबुक आईडी से कथित रूप से की गई राजनीतिक टिप्पणी को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। मामले में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद जनपद पंचायत नगरी ने संबंधित सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। हालांकि शिकायत के लगभग 10 दिन बाद भी अंतिम विभागीय कार्रवाई नहीं होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अप्रैल 2026 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर सबसे महत्वपूर्ण सवाल, हिंदुस्तान को सबसे ज्यादा किसने लूटा विषय से संबंधित एक पोस्ट पर ग्राम पंचायत देवपुर के सचिव दिगम्बर कंवर की फेसबुक आईडी से कथित रूप से टिप्पणी की गई थी। इस टिप्पणी का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया में साझा होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपत्ति दर्ज कराई।

भाजयुमो के पूर्व महामंत्री नीलम साहू ने इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस को जानकारी दी। इसके बाद भाजपा मंडल नगरी के महामंत्री रूपेंद्र साहू सहित अन्य




कार्यकर्ताओं ने 28 अप्रैल को जनपद पंचायत नगरी पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए संबंधित सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की।

शिकायत में उल्लेख है कि किसी शासकीय कर्मचारी द्वारा सार्वजनिक मंच पर राजनीतिक टिप्पणी किया जाना सेवा आचरण नियमों के विपरीत माना जा सकता है। शिकायत के आधार पर जनपद पंचायत नगरी द्वारा संबंधित सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया।

इसी बीच भाजपा पदाधिकारियों ने नोटिस की प्रतियों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। भाजपा मंडल नगरी के महामंत्री रूपेंद्र साहू का कहना है कि उन्हें जो नोटिस की प्रति उपलब्ध हुई, उसमें पत्र क्रमांक एवं दिनांक अंकित नहीं था। वहीं बाद में जनपद पंचायत कार्यालय से उपलब्ध कराई गई प्रति में पत्र क्रमांक 2462 एवं दिनांक 29/04/2026 दर्ज पाया गया। इस संबंध में भाजपा पदाधिकारियों ने प्रशासनिक प्रक्रिया में स्पष्टता की मांग की है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी ने समाचार पत्र के प्रतिनिधि को उपलब्ध कराए गए लिखित जवाब में बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित सचिव से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा स्पष्टीकरण प्राप्त होने उपरांत नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया जाएगा।

वहीं ग्राम पंचायत सचिव दिगम्बर कंवर ने दूरभाष पर चर्चा के दौरान कहा कि जिस समय फेसबुक पर उक्त टिप्पणी की गई, उस समय वे एक पारिवारिक कार्यक्रम में थे। उनके अनुसार संभवतः किसी पारिवारिक सदस्य अथवा परिचित व्यक्ति द्वारा उनके मोबाइल से अनजाने में टिप्पणी की गई होगी। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत से प्राप्त नोटिस का जवाब 1 मई को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है।

भाजपा मंडल नगरी के महामंत्री रूपेंद्र साहू ने मामले में निष्पक्ष जांच एवं उचित विभागीय कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस की अलग-अलग प्रतियों के संबंध में स्थिति स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने दूरभाष पर चर्चा में कहा कि पार्टी स्तर पर मामले की जानकारी ली जा रही है तथा संगठन द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी।

इधर, भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि मामले में शीघ्र स्पष्ट कार्रवाई नहीं होने से कार्यकर्ताओं में असंतोष है। वहीं प्रशासनिक एवं राजनीतिक हलकों में भी यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# डेयरी व कबाड़ी संचालकों सहित 17 लोगों पर 27,500 रुपए का जुर्माना






- गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम ने की बड़ी कार्रवाई
- जागरूकता रैली निकालकर नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वाले डेयरी संचालकों, कबाड़ी व्यवसायियों एवं अन्य दुकानदारों पर कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने, नालियों में गंदगी डालने तथा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 17 लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 27,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। निगम की इस कार्रवाई से लापरवाह दुकानदारों एवं व्यवसायियों में हड़कंप प्र. स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा छत्रपति शिवाजी चौक से हाउसिंग बोर्ड चौक तक व्यापक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए घर एवं दुकानों का कचरा सड़क पर न फेंकने तथा निगम की कचरा वाहन में ही देने की अपील की गई।

अभियान के तहत विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में स्वच्छता संबंधी स्टीकर भी चिपकाए गए। निगम कर्मचारियों ने लोगों को समझाइश देते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

# नर्सिंग छात्रों को दी नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिला अस्पताल द्वारा रिलायंस कॉलेज एवं फ्लोरेन्स कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समाज को नशा मुक्त बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. व्हीके डेविड, संजय कुमार लाल समेत महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मंगल भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**जीजामगांव।** विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से ग्राम मड़ेली के गौठान चौक पानी टंकी के पास मंगल भवन निर्माण के लिए मंडी बोर्ड से 28 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। विकास कार्यों का भूमिपूजन ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, ठाकुरराम साहू, बीना लक्ष्मी नारायण साहू आदि उपस्थित थे।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज








